सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
*The Innovation Engine of India*

# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

त्रैमासिक राजभाषा समाचार बुलेटिन, वर्ष 14 एवं 15, संयुक्तांक 56 एवं 57

अक्टूबर, 2025 एवं जनवरी, 2026

निशुल्क वितरण के लिए



सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान,
पिलानी-333 031, राजस्थान

**संरक्षक**

डॉ.  पी. सी.पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**संपादन सहयोग**

श्री लोकेश टाक

कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी)

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी



**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ सीएसआईआर-सीरी में 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' कार्यक्रम का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 21 से 25 जुलाई, 2025 तक '**एक दिन वैज्ञानिक के रूप में**' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर की सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में समान रूप से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को देश के वैज्ञानिक अनुसंधान के वास्तविक वातावरण से परिचित कराना तथा विज्ञान के प्रति उनमें रुचि और समझ विकसित करना था। पाँच दिन चले इस कार्यक्रम के दौरान पिलानी व आस-पास के 17 राजकीय एवं अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षकों ने संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों से संवाद कर अनुसंधान की बारीकियों को समझा। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों के प्रेरणादायी व्याख्यानों का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को '**विकसित भारत @2047**' की परिकल्पना के अनुरूप विज्ञान को करियर के रूप में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।







### ✓ सीएसआईआर-सीरी में आयुर्वेद पर आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में 25 जुलाई, 2025 को आयुर्वेद विषय पर आमंत्रित व्याख्यान आयोजन किया गया। व्याख्यान के लिए आयुर्वेद विशारद श्री राम भाऊ बगाड़े को आमंत्रित किया गया। श्री बगाड़े ने आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवन शैली विषयक सारगर्भित व्याख्यान से उपस्थित श्रोताओं को लाभान्वित किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक, वैज्ञानिक एवं वरिष्ठ अधिकारी, संस्थान के कार्मिक एवं उनके परिजन सहित परियोजना कार्मिक प्रशिक्षार्थी आदि उपस्थित रहे। श्री बगाड़े ने दैनिक जीवन में आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों की प्रासंगिकता, अनियमित जीवनशैली और व्याधियों के समाधान में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नाड़ी परीक्षण सहित पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के लाभों की चर्चा करते हुए उपस्थित जनसमूह को उपयोगी सुझाव भी दिए।




### ✓ सीएसआईआर-सीरी तथा बीकेबीआईईटी के मध्य समझौता ज्ञापन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी और बीकेबीआईईटी, पिलानी के मध्य अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 01 अगस्त, 2025 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर एवं उसका आदान-प्रदान किया गया। इस समारोह में डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी; श्री प्रमोद तंवर, प्रमुख, पीएमई; डॉ. नीरज कुमार, प्रमुख, प्रौद्योगिकी व्यवसाय संवर्धन समूह तथा प्रो. बिजय कुमार राउत, निदेशक, बीकेबीआईईटी सहित सीएसआईआर-सीरी एवं बीकेबीआईईटी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में वैज्ञानिक कर्मचारियों और छात्रों का आदान-प्रदान, एम.टेक., एम.एस. और पीएचडी छात्रों का संयुक्त पर्यवेक्षण, शैक्षणिक सामग्री और प्रकाशनों का आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान, सम्मेलन और सामाजिक कार्यक्रम, सहमत शर्तों पर प्रयोगशालाओं का उपयोग, वर्चुअल इन्क्यूबेशन और उद्यमिता संवर्धन आदि शामिल है।



### ✓ संस्थान में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

संस्थान में दिनांक 15 अगस्त, 2025 को राष्ट्र का 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों एवं समस्त सहकर्मियों ने राष्ट्र गान गाया। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी सहित संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों/अधिकारियों ने माँ भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने उपस्थित सभी सहकर्मियों एवं नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। संस्थान के जयपुर परिसर में भी गरिमामयी ढंग से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रभारी वैज्ञानिक श्री साईं कृष्णा वड्डादि ने शुभकामनाएं दीं।



## ✓ सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन दिनांक 29-31 अक्टूबर, 2025 तक किया गया। इस अवसर पर डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना और फिटनेस की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर संस्थान में रस्साकशी, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रिले दौड़, फुटबॉल, बास्केटबॉल, लॉन बॉल, महिला क्रिकेट सहित अन्य खेलों का भी आयोजन किया गया। विभिन्न खेलों के पुरुष वर्ग के लिए 8 टीम तथा महिला वर्ग के 2 टीम बनाई गई तथा सभी टीमों के नाम देश के महापुरुषों के नाम पर रखे गए। अंकों के आधार पर महिला वर्ग में **'स्मृति मंधाना'** और पुरुष वर्ग में **'वल्लभभाई पटेल'** टीमें विजेता रहीं।







## ✓ सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी पिलानी में भारत सरकार एवं सीएसआईआर के दिशानिर्देशों के अनुपालन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 18 सितंबर, 2025 को डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी न केवल अपने कार्यस्थल बल्कि समाज और राष्ट्र की स्वच्छता में भी सक्रिय योगदान दें।






## ✓ सीएसआईआर-सीरी में हिंदी पखवाड़ा 2025 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 1-15 सितंबर, 2025 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान में प्रश्न मंच (क्विज) के अलावा 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें सहकर्मियों, परियोजना कार्मिकों, प्रशिक्षार्थियों, संविदाकर्मियों आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 18 सितंबर, 2025 को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने हिंदी पखवाड़ा आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया। हिंदी में सर्वाधिक एवं विशिष्ट कार्य करने के लिए प्रशासनिक वर्ग, तकनीकी वर्ग तथा वैज्ञानिक वर्ग को राजभाषा चल वैजयंती प्रदान की गई। हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक ने हिंदी पखवाड़ा के दौरान एवं वर्षपर्यंत आयोजित प्रतियोगिताओं एवं अन्य हिंदी गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में मंचस्थ अतिथि एवं अधिकारियों ने इस अवसर पर राजभाषा संदर्शिका के 11वें अंक का विधिवत विमोचन किया।






### ✓ सीएसआईआर-सीरी में 73वें स्थापना दिवस समारोह का अयोजन

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी ने दिनांक 21 सितंबर, 2025 को संस्थान का 73वाँ स्थापना दिवस का उत्सव उल्लासपूर्वक मनाया। इस अवसर पर डॉ दिनेश कुमार असवाल, सदस्य, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार मुख्य अतिथि तथा प्रोफेसर संजीव शर्मा, कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। इस अवसर पर उद्योग जगत के प्रतिनिधि, संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों के साथ सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले सहकर्मियों के परिजन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया तथा संस्थान की नवीनतम उपलब्धियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उद्योगों एवं अन्य संगठनों के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तथा छह समझौता ज्ञापनों का आदान प्रदान किया गया और संस्थान के 23 कर्मचारियों को संस्थान में 10, 20, 25, 30 तथा 35 वर्ष की सेवा के लिए सेवा सम्मान पत्र भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विषांत, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक तथा डॉ अदिति, प्रधान वैज्ञानिक ने किया। मुख्य समारोह के उपरांत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमें जोधपुर के कलाकारों की टीम ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को आनंदित किया।









### ✓ सीएसआईआर के 84वें स्थापना दिवस समारोह का अयोजन

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 27 सितंबर, 2025 को सीएसआईआर का 84वाँ स्थापना दिवस भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एंव ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के निदेशक प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि; सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून के निदेशक डॉ हरेन्द्र सिंह बिष्ट तथा संस्थान के दो पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ वी के खन्ना एवं डॉ एल एम जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। इस अवसर पर अतिथियों ने गतवर्ष सेवानिवृत्त हुए तथा 25 वर्ष की सेवा देने वाले सहकर्मियों को सेवा सम्मान भेंट किए। साथ ही कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले संस्थान के कार्मिकों के बच्चों सहित सीएसआईआर स्थापना दिवस निबंध प्रतियोगिता के 18 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सीएसआईआर स्थापना दिवस (26 सितंबर, 2025) को संस्थान का खुला दिवस (ओपन डे) रखा गया जिसमें विभिन्न शैक्षणिक संगठनों के विद्यार्थियों ने संस्थान की विज्ञान दीर्घा, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी आदि का शैक्षणिक भ्रमण किया। समारोह के अंत में श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।








✓ **सीएसआईआर-सीरी में अभिविन्यास कार्यक्रम का अयोजन**

संस्थान में नए सहकर्मियों के लिए दिनांक 7 अक्टूबर, 2025 को अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 2023-25 के दौरान नियमित पदों पर भर्ती हुए 90 अधिकारी/कर्मचारी सहित सभी सहकर्मी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अन्य उपस्थित साथियों को अपना संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने प्रतिभागी कार्मिकों का संस्थान में औपचारिक स्वागत करते हुए उन्हें सीएसआईआर और सीरी की स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, शोध तथा संस्थान की गौरवशाली परंपरा से भी अवगत कराया। उन्होंने सभी साथियों से केंद्रीय आचरण नियमों का पालन करने का आह्वान किया। श्री प्रमोद तंवर, प्रमुख, पीएमई ने आयोजन की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य से अवगत कराया। श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक ने भी सभी नए सहकर्मियों से मिलकर संस्थान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपना योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया।







✓ **सीएसआईआर-सीरी में "माइक्रोवेव मिलीमीटर-वेव और कनेक्टेड भविष्य के लिए उससे आगे की तकनीकें 2025" संगोष्ठी का अयोजन**

सीएसआईआर-सीरी में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगोष्ठी "माइक्रोवेव मिलीमीटर-वेव और कनेक्टेड भविष्य के लिए उससे आगे की तकनीकें 2025" का आयोजन 13-15 अक्टूबर, 2025 को किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार पाठक, महानिदेशक, भारत 6जी एलायंस और विशिष्ट अतिथि श्री शील आदित्य, प्रोफेसर एनटीयू, सिंगापुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। इस दौरान तीन एमओयू का आदान-प्रदान भी किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य उच्च-आवृत्ति और उन्नत संचार प्रणालियों में भारत की क्षमताओं को मजबूत करना है, साथ ही इन उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में काम कर रहे शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के नेताओं के बीच नवाचार, सहयोग और ज्ञान के आदान प्रदान को बढ़ावा देना है।







✓ **सीएसआईआर-सीरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह तथा निवारक सतर्कता पर त्रैमासिक अभियान का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 27 अक्टूबर से 02 नवंबर 2025 तका **सतर्कता जागरूकता सप्ताह** एवं 18 अगस्त से 17 नवंबर, 2025 तक **निवारक सर्तकता पर त्रैमासिक अभियान** का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने सभी सहकर्मियों को सत्यनिष्ठा संबंधी शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के शुरुआत में श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक ने अभियान के अंतर्गत संस्थान में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम के उद्घाटन एवं समापन सत्र का संचालन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया। त्रैमासिक अभियान के अंतर्गत संस्थान के समीप ग्राम पंचायत घुमनसर कलां में जनजागरूकता ग्राम सभा; बिड़ला शिशु विहार में **ईमानदारी एक जीवन शैली** विषय पर निबंध प्रतियोगिता; संस्थान के सहकर्मियों के लिए **लोक प्रशासन में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा** विषय पर भाषण प्रतियोगिता; बीकेबीआईईटी, पिलानी में **डिजिटल लेनदेन को अनिवार्य बनाकर ही भ्रष्टाचार का उन्मूलन संभव है** विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता; संस्थान के सहकर्मियों के बच्चों के लिए **सतर्कता हमारी : साझा जिम्मेदारी** विषय पर

पोस्टर प्रतियोगिता तथा संस्थान के सभी सहकर्मियों के लिए एक प्रश्नमंच का भी आयोजन किया गया। इस अभियान के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 17 नवंबर, 2025 को किया।







### ✓ सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी सहकर्मियों एवं उपस्थित आगंतुकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी द्वारा किया गया।






### ✓ सीएसआईआर-सीरी में एएनआरएफ-एमएएचए ई-मोबिलिटी समीक्षा बैठक का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 03 नवंबर, 2025 को अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) के 'मिशन फॉर एडवांसमेंट इन हाई-इम्पैक्ट एरियाज़ (MAHA)–इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) मिशन' के मिशन गवर्नेंस बोर्ड (MGB) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक डॉ सुचंदन पाल; पीएमई प्रमुख श्री प्रमोद तंवर सहित संस्थान में इस मिशन की प्रमुख डॉ निधि चतुर्वेदी एवं उनकी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही साथ ही मिशन गवर्नेंस बोर्ड (MGB) के अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार कल्यानारमन (CEO-ANRF) एवं सह-अध्यक्ष प्रोफेसर कार्तिक अथमनाथन तथा प्रोफेसर एस. ए. सुन्दरासन ने भी बैठक में प्रतिभागिता की। यह मिशन बहु-संस्थागत कॉन्सोर्शियम मॉडल पर आधारित है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 7 'ई-नोड' (Excellence Nodes) चयनित किए गए हैं। सीएसआईआर–सीरी, पिलानी उन 7 ई-नोड्स में से एक है, जिसे पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीन एवं ड्राइव्स (PEMD) वर्टिकल में नेतृत्व का दायित्व सौंपा गया है। इस कार्यक्रम में MAHA–EV मिशन के अंतर्गत उद्योग भागीदारों एवं सीएसआईआर–सीरी के श्री प्रमोद तँवर, प्रमुख, पीएमई के बीच अप्रकटीकरण समझौते (NDA) का आदान-प्रदान हुआ।



### ✓ सीएसआईआर-सीरी में भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के कर्टन रेज़र कार्यक्रम का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी के जयपुर कैम्पस में 11वें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2025 के औपचारिक शुभांरभ के रूप में कर्टन रेज़र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह महोत्सव आगामी 6-9 दिसंबर, 2025 के दौरान पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन विज्ञान भारती, राजस्थान के सहयोग से हाइब्रिड मोड में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनूप एस. महाजन, वैज्ञानिक-एफ, आईआईटीएम, पुणे थे। सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने स्वागत संबोधन देने

हुए भारत की वैज्ञानिक तकनीकी उपलब्धियों तथा नवाचार आधारित विकास मॉडल की दिशा में हो रहे तीव्र प्रयासों का उल्लेख किया। विज्ञान भारती राजस्थान के सचिव डॉ मेघेन्द्र शर्मा ने विज्ञान महोत्सव के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।



✓ **सीएसआईआर-सीरी में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) के उपलक्ष्य में दिनांक 17 नवंबर, 2025 को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने बिरसा मुंडा जी के सामाजिक पुनर्जागरण तथा जनजातीय समाज को संगठित करने में उनकी भूमिका का संक्षिप्त परिचय दिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि बिरसा जी ने जनजातीय समाज के अधिकारों, संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए उलगुलान (व्यापक जनआंदोलन) का नेतृत्व किया व जनजातीय समुदास को एकजुट किया। कार्यक्रम के अंत में श्री प्रमोद तंवर, प्रमुख, पीएमई ने निदेशक महोदय सहित सभागार में उपस्थित सभी सहकर्मियों एवं निकटवर्ती शिक्षण संस्थानों से आए शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के उपरांत सहकर्मियों के लाभार्थ एक विशेष सत्र का आयोजन भी किया गया। इस सत्र में डॉ. गौरव पुरोहित, प्रधान वैज्ञानिक ने भारत सरकार द्वारा जनजातीय कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा साथ ही प्रतिभागियों से सामान्य प्रश्न भी पूछे। इस सत्र में बिरसा मुंडा जी के जीवन से संबंधित वीडियो फिल्म भी दिखाई गई।




✓ **सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 17 नवंबर, 2025 को राष्ट्रीय गीत "**वंदेमातरम**" के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। इस अवसर पर निदेशक महोदय सहित संस्थान के सभी सहकर्मियों, पीएचडी छात्र/छात्राओं, जेआरएफ, एसआरएफ, परियोजना सहायक आदि द्वारा राष्ट्रीय गीत "**वंदे मातरम**" को गाया गया। साथ ही निदेशक महोदय ने अपने वक्तव्य में बताया की आजादी की लड़ाई में देश को एकजुट करने में "**वंदे मातरम**" ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया।




✓ **सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय संविधान दिवस का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में दिनांक 26 नवंबर, 2025 को राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक ने बताया 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकृत किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रशासन नियंत्रक सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं सहकर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी और संविधान के पालन की शपथ ली।




✓ **सीएसआईआर-सीरी तथा बिट्स, पिलानी के मध्य समझौता ज्ञापन**

सीएसआईआर-सीरी और बिट्स पिलानी के मध्य दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ। इस साझेदारी का उद्देश्य पिलानी को अनुसंधार एवं विकास, डिजाइन और नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करना है। यह सहयोग संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, कौशल और संकाय विकास कार्यक्रमों, उन्नत पाठ्यक्रम, सह-शिक्षण, साझा अनुसंधान सुविधाओं, पीएचडी/स्नातकोत्तर परियोजनाओं के संयुक्त पर्यवेक्षण और नवाचार-आधारित प्रोटोटाइप विकास पर केंद्रित होगा। इस कार्यक्रम में डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी; प्रोफेसर (डॉ.) सुधीर कुमार बरई, निदेशक, बिट्स; श्री प्रमोद तंवर, प्रमुख, पीएमई एवं डॉ नीरज कुमार, प्रमुख, टीबीडी उपस्थित रहे।



✓ **सीएसआईआर-सीरी द्वारा उच्च-शक्ति मैग्नेट्रॉन प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण**

आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाने और भारत की रणनीतिक तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में सीएसआईआर-सीरी ने दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को स्वदेशी उच्च-शक्ति मैग्नेट्रॉन प्रौद्योगिकी के लिए टॉन्बो इमेजिंग इंडिया प्रा. लि. के साथ 1 करोड़ रुपये के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में सीएसआईआर-सीरी की ओर से डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक; डॉ नीरज कुमार, प्रमुख टीबीडी एवं संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक और टोंबो इमेजिंग इंडिया प्रा.लि. की ओर से श्री अरविंद लक्ष्मी कुमार, सह-संस्थापक एवं सीईओ; श्री अंकित कुमार, सह-संस्थापक एवं मुख्य राजस्व अधिकारी; सहित संयुक्त अरब अमीरात, कोलंबिया और बेलारूस से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।







✓ **सीएसआईआर-सीरी में यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह 2025 का आयोजन**

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में दिनांक 18 दिसंबर, 2025 को कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षित सम्मानजनक एवं समावेशी वातावरण के प्रति जागरूक करने हेतु एक आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। बिट्स पिलानी की प्रोफेसर संगीता शर्मा द्वारा **लैंगिक संवेदनशीलता** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने की। प्रशासन नियंत्रक श्री मधुरंजन पाण्डेय ने अतिथि परिचय दिया तथा कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया।






✓ **सीएसआईआर-सीरी में जलवायु अनुकूल भवन का उद्घाटन**

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 19 दिसंबर, 2025 को वर्चुअल माध्यम से संस्थान में नवनिर्मित जलवायु अनुकूल भवन का उद्घाटन किया गया। इस भवन का उद्घाटन डीएसआईआर की सचिव और सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी के द्वारा किया। डॉ. एन. कलैसेल्वी ने सीएसआईआर-सीरी और सीएसआईआर-सीबीआरआई की टीमों के प्रयासों की सराहना करते हुए परियोजना के समय पर पूर्ण होने को सीएसआईआर की मिशन मोड पहलों के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस भवन का निर्माण सीएसआईआर-सीबीआरआई के सहयोग से किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और सतत विकास को बढ़ावा देने में इस प्रकार के जलवायु अनुकूल अवसंरचना के महत्व पर प्रकाश डाला। सीएसआईआर-सीबीआरआई के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार रमनचारला ने भारत में पांच जलवायु क्षेत्रों के लिए विकसित जलवायु विशिष्ट भवन निर्माण प्रौद्योगिकी पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख पीएमई श्री प्रमोद तंवर ने किया।





✓ **सीएसआईआर-सीरी के सहयोग से राजस्थान में सीएसआईआर स्मार्ट विलेज पहल का शुभारंभ**

सीएसआईआर-सीरी के सहयोग से राजस्थान के सवाईपुरा ग्राम (चोटीला, रोहट) जिला पाली से सीएसआईआर स्मार्ट विलेज मिशन मोड परियोजना का शुभारंभ दिनांक 20 दिसंबर, 2025 को किया गया। इस पहल का उद्घाटन श्री पी सी चौधरी, माननीय सांसद (पाली); डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी, महानिदेशक सीएसआईआर; श्री भीम राज भाटी, माननीय विधायक (पाली) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी; प्रोफेसर प्रदीप कुमार रमनचारला, निदेशक, सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की सहित जिला एवं ब्लॉक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा सीएसआईआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सीएसआईआर-सीरी और सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की सहित 14 सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की सक्रिय सहभागिता रही। इस कार्यक्रम में संस्थान द्वारा विकसित ग्रामीण जीवन और आजीविका सशक्तिकरण से जुड़ी जलवायु-अनुकूल एवं नवोन्मेषी तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें सौर-सहायित हीट पंप प्रणाली, सुरक्षित पेयजल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, अपशिष्ट प्रबंधन, बायोगैस एवं कम्पोस्टिंग तथा स्वास्थ्य, ऊर्जा, वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण एवं दुग्ध गुणवत्ता विश्लेषण हेतु डिजिटल एवं एआई आधारित समाधान आदि शामिल रहे।







## महत्वपूर्ण बैठकें

**1. विषय :** अनुसंधान परिषद (58वीं रिसर्च काउंसिल)

दिनांक : 06 नवंबर, 2025

**स्थान :** सम्मेलन कक्ष, सीएसआईआर-सीरी

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

**1. उद्योग/क्लाइंट :** बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टीट्यूशनल कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 17 जुलाई, 2025

**2. उद्योग/क्लाइंट :** बी के बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पिलानी

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टीट्यूशनल कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 01 अगस्त, 2025

**3. उद्योग/क्लाइंट :** सेमीकंडक्टर लेबोरेट्री (SCL)

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 05 अगस्त, 2025

**4. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स वायुव्यास्त्रा सेमीकंडक्टर प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 18 अगस्त, 2025

**5. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स बीएनएन कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 19 अगस्त, 2025

**6. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स UHAPO हेल्थ सर्विसेज़ प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 26 अगस्त, 2025

**7. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स RHINO मशीन्स प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 10 सितम्बर, 2025

**8. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 21 सितंबर, 2025

**9. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स VVDN टेक्नोलॉज़ीस प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन (माइक्रोवेव, RF एंड THz)

**दिनांक** – 21 सितंबर, 2025

**10. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL)

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन (ग्रीन हाइड्रोजन जनरेशन प्लास्टिक वेस्ट रीसाइक्लिंग सिस्टम मैग्नेट्रॉन बेस्ड प्लाज्मा रियेक्टर)

**दिनांक** – 21 सितंबर, 2025

**11. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स कोलैट्रल मेडिकल प्रा.लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** एआई-असिस्टेड डायग्नोस्टिक इमेजिंग प्लेटफॉर्म फॉर ईएनटी एप्लीकेशंस

**दिनांक** – 21 सितंबर, 2025

**12. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स डिजिटल रुरल इंडिया मिशन प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आईओटी एनेबल्ड कॉन्टीन्यूअस वाटर सप्लाई मेजरमेंट एंड मॉनिटरिंग स्टेशन

**दिनांक** – 21 सितंबर, 2025

**13. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स गायलिथ पावर प्रा.लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** नेनोसेकण्ड इम्पल्स जनरेटर फॉर THz Ndt सिस्टम

**दिनांक** –21 सितंबर, 2025

**14. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स वायुव्यास्त्रा सेमीकंडक्टर प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एंड डी कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 21 सितंबर, 2025

**15. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स हीलथियम मेडटेक लिमिटेड

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** 4K 3D लेप्रोस्कोपी टावर फॉर मिनिमल इनवेसिव सर्जरी

**दिनांक** – 25 सितंबर, 2025

**16. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स टॉन्बो इमेजिंग इंडिया लिमिटेड

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** हाई पावर माइक्रोवेव सिस्टम्स

**दिनांक** – 26 सितंबर, 2025

**17. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स साइंटिफिक माइक्रोवेव प्रा. लि., गाजियाबाद

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** रेडियो फ्रिक्वेंसी, माइक्रोवेव, मिलीमीटर-वेव, टेराहर्ट्ज, डिवासेज़ एण्ड कम्पोनेंट्स, हाई पावर माइक्रोवेव कम्पोनेंट्स, टेस्टिंग एण्ड कैरेक्टराइजेशन ऑफ माइक्रोवेव कम्पोनेंट्स, डिजाइन एण्ड प्रिसीज़न फैब्रिकेशन ऑफ माइक्रोवेव एण्ड mm-वेव (सब टेराहर्ट्ज) कम्पोनेंट्स एण्ड कैरेक्टराइजेशन

**दिनांक** –13 अक्टूबर, 2025

**18. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स डिजिटोड टेक्नोलॉज़ीज प्रा. लि., बंगलूरु

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** रेडियो फ्रिक्वेंसी, माइक्रोवेव, मिलीमीटर-वेव, टेराहर्ट्ज, 5जी, 6जी, एण्ड बियोण्ड टेक्नोलॉज़ीज, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियोज़, सिग्नल प्रोसेसिंग, टेस्टिंग एण्ड कैरेक्टराइजेशन, FPGA, एण्ड एआई एनेबल्ड वायरलेस टेक्नोलॉजीज़

**दिनांक** – 13 अक्टूबर, 2025

**19. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स आरटेक सोलोनिक्स लि., भोपाल

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डेवलपमेंट ऑफ वाइड बैंड गैप सेमीकंडक्टर बेस्ड हाईली इफेक्टिव पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल

**दिनांक** – 24 अक्टूबर, 2025

**20. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स एन्व्युपल टेक्नोलॉजीज़ प्रा. लि., बंगलूरु

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डेवलपमेंट ऑफ वाइड बैंड गैप सेमीकंडक्टर बेस्ड हाईली इफेक्टिव पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल

**दिनांक** – 30 अक्टूबर, 2025

**21. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स रेस्कॉप इनोवेशंस प्रा. लि., भोपाल

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डेवलपमेंट ऑफ वाइड बैंड गेप सेमीकंडक्टर बेस्ड हाईली इफेक्टिव पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल

**दिनांक** – 03 नवंबर, 2025

**22. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स देवआदित्य टेक्नोक्रैट्स LLP, इंदौर

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डेवलपमेंट ऑफ एआई एलगोरिथम फॉर द मैनेजमेंट ऑफ नेशनल हाईवे टोल प्लाजाज़

**दिनांक** – 05 नवंबर, 2025

**23. उद्योग/क्लाइंट :** बिट्स, पिलानी

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टीट्यूशनल कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 11 नवंबर, 2025

**24. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स रेमी इलेक्ट्रोटेक्नीक लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंडीजिनस डेवलपमेंट ऑफ रिलायबल ऑटोमेटिड आर एफ ट्यूब सीलिंग सिस्टम

**दिनांक** – 20 नवंबर, 2025

**25. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स ए विकॉन्न सोल्यूशंस प्रा. लि., गुरूग्राम

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** टू कोलैबोरेट ऑन सिस्टम ऑन चिप डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट

**दिनांक** – 21 नवंबर, 2025

**26. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स ओजैक्ट्रो प्रा. लि., उत्तरप्रदेश

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** एसोसिएटिड इंटरफेस इलेक्ट्रॉनिक्स फॉर पीज़ोइलेक्ट्रिक सेंसर ऑफ सीएसआईआर-एनएएल

**दिनांक** – 24 नवंबर, 2025

**27. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स हिंद रेक्टिफायर्स लि., मुंबई

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** फॉर हाई-वोल्टेज पल्स पावर सप्लाईज़, मोटर ड्राइव्स, पावर कंवर्टर्स, smps, ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर्स, रेलवेज़ एण्ड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, सेमीकंडक्टर डिवासेज़, सेंसर्स एण्ड रिलेटिड टेक्नोलॉज़ीज़।

**दिनांक** – 25 नवंबर, 2025

**28. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स टॉन्बो इमेजिंग इंडिया लि., कर्नाटक

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** 3.0 MW S-बैण्ड पल्स्ड मैग्नेट्रॉन

**दिनांक** – 16 दिसंबर, 2025

**29. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स ड्रोनटेक सोल्यूशंस प्रा. लि., मुंबई

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** ड्रोन फ्लाइट कंट्रोलर बेस्ड ऑन PX4 ऑटोपायलट बस आर्किटेक्चर

**दिनांक** – 26 दिसंबर, 2025

**30. उद्योग/क्लाइंट :** मेसर्स के आर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज़ प्रा. लि., जयपुर

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** एमबीआरटी एनालायज़र

**दिनांक** – 29 दिसंबर, 2025

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई नार्थ ईस्ट इंडिया इंटरनेशनल एनर्जी कन्वर्जन कॉन्फ्रेंस

  **स्थान** – एनआईटी, सिलचर

  **दिनांक** – 04-06 जुलाई, 2025

  **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड एनालिसिस ऑफ हाई पावर बाइडायरेक्शनल रिसोनेंट कन्वर्टर फॉर 800-V बैटरी चार्जिंग एप्लीकेशंस

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पद्मावती एल, ए अभिषेक एवं ए रंजन

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 16th आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कम्प्यूटिंग कम्युनिकेशन एण्ड नेटवर्किंग टेक्नोलॉजीज़

  **स्थान** – आईआईटी, इंदौर

  **दिनांक** – 06-11 जुलाई, 2025

  **शोध पत्र** – रीइनफोर्समेंट लर्निंग बेस्ड टारगेट क्लासिफिकेशन इन मिलीमीटर वेव रडार सिस्टम्स

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – वाई सोनी, एच जांगीड़ एवं धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 5th आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल एनर्जी एण्ड फ्यूचर इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट्रेशन

  **स्थान** – एमएनआईटी, जयपुर

**दिनांक** – 09-12 जुलाई, 2025

**शोध पत्र** – डिज़ाइन एण्ड एनालिसिस ऑफ हाई पावर बाइडायरेक्शनल रेसोनेंट कन्वर्टर फॉर ईवी चार्जिंग एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी लक्ष्मण, ए अभिषेक एवं ए रंजन

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 2025 आईईईई 4th वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस ऑन अप्लाइड इंटेलिजेंस एण्ड कम्प्यूटिंग

**स्थान** – आईईटीई दिल्ली

**दिनांक** – 26-27 जुलाई, 2025

**शोध पत्र** – इनहांसिंग एक्स-रे सिक्योरिटी बेस्ड इमेज क्लाासिफिकेशन यूजिंग अटेंशन बेस्ड मैकेनिज्म्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – वाई तेजस्वी, ए सिंह एवं धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 68th आईईईई इंटर मिडवेस्ट सिस्पोज़ियम ऑन सर्किट्स एण्ड सिस्टम्स

**स्थान** – यूएसए

**दिनांक** – 10-13 अगस्त, 2025

**शोध पत्र** – पैरामीटराइज्ड लो-ओवरहेड डाटा कंवर्जन आर्किट्रेक्चर्स फॉर पोसिट अर्थमेटिक

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डी शेखावत, पी एम राहुल, वी श्रीजीत, जे गांधी, जे जी पाण्डेय एवं सी चंद्रशेखर

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – URSI - एशिया पेसिफिक रेडियो साइंस कॉन्फ्रेंस

**स्थान** – सिडनी

**दिनांक** – 17-22 अगस्त, 2025

**शोध पत्र** – ए मिलीमीटर वेव कॉम्पैक्ट अपर्चर कपल्ड माइक्रोस्ट्रिप एंटीना विथ इम्प्रूव्ड कैरेक्टरिस्टिक्स बेस्ड ऑन एलटीसीसी

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चक्रवर्ती, केपी सुरेंद्रन, सीपी मिस्त्री, डी पाल एवं ए के बंद्योपाध्याय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 6th आईईईई इंडिया काउंसिल इंटरनेशनल सबसेक्शंस कॉन्फ्रेंस

**स्थान** – एनआईटी, राऊरकेला

**दिनांक** – 21-23 अगस्त, 2025

**शोध पत्र** – रियल टाइम टारगेट क्लासिफिकेशन यूजिंग mm वेव रडार थ्रू स्टेटिकल एनालिसिस ऑफ IDFFT डाटा

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – वाई सोनी, एच जांगीड़, पी मांजी एवं धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 6th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन पब्लिक Key इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड इट्स एप्लीकेशंस

**स्थान** – बंगलूरू

**दिनांक** – 3-4 सितंबर, 2025

**शोध पत्र** – एन HLS ड्रिवन आर्किटेक्चरल डिजाइन फॉर द प्रजेंट लाइटवेट ब्लॉक सिफर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – अतुल एम, डी शेखावत, जे गांधी, एम संतोष एवं जय गोपाल पाण्डेय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 8th वर्ल्ड इंजीनियरिंग कॉन्फ्रेंस ऑन कन्टेपरेरी टेक्नोलॉजीज़

**स्थान** – पंजाब

**दिनांक** – 10-11 अक्टूबर, 2025

**शोध पत्र** – एन ऑप्टीमाइज्ड लाइटवेट डीप न्यूरल आर्किटेक्चर फॉर प्रीसाइज़ लॉकलाइजेशन एण्ड क्लासिफिकेशन ऑफ ओरल स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा लिज़न्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस नेहरा, एस एस नेगी, जी पुरोहित एवं एस श्रीवास्तव

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई रीज़न 10 कॉन्फ्रेंस 2025

**स्थान** – मलेशिया

**दिनांक** – 27-30 अक्टूबर, 2025

**शोध पत्र** – इनहांस्ड योलो ऑब्जेक्ट डिटेक्टर फॉर इंस्युलेटर डिफेक्ट डिटेक्शन इन पावर लाइन इंफ्रास्ट्रक्चर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चौधरी, एस सौरव, आर सैनी एवं एस सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन स्कूल लाइब्रेरीज़

**स्थान** – दिल्ली

**दिनांक** – 11-12 नवंबर, 2025

**शोध पत्र** – संसाधन-साझाकरण : पुस्तकालयों में संसाधन एकता की पहल

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – रोहित सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – कॉन्फ्रेंस फॉर नेक्स्ट जनरेशन अर्थमेटिक

**स्थान** – यूएसए

**दिनांक** – 14-15 नवंबर, 2025

**शोध पत्र** – ब्रेकिंग द क्वायर बॉटलनेक ए पोसिट मेक आर्किटेक्चर विद रीड्यूस एडर कॉम्पलेसिटी

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डी शेखावत, जे गांधी, जे जी पाण्डेय एवं चंद्र शेखर

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 17th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटेलिजेंट ह्यूमन कंप्यूटर इंट्रेक्शन

**स्थान** – जयपुर

**दिनांक** – 14-16 नवंबर, 2025

1. **शोध पत्र** – बेंचमार्किंग योलो मॉडल्स फॉर हैंड डिटेक्शन इन टाइम ऑफ फ्लाइट इंफ्रारेड इमेजरी

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए सैनी, ए रथ एवं एस सौरव

2. **शोध पत्र** – अटेंशन गाइडेड लाइटवेट कनवोल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क विद SAM-बेस्ड इमेज इनहॉन्समेंट फॉर टी लीफ डिज़ीज डायग्नॉसिस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एम के शर्मा, एस चौधरी, एस सौरव एवं एस सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्ट्रिकल मशीन्स एण्ड सिस्टम्स

**स्थान** – दक्षिण कोरिया

**दिनांक** – 16-19 नवंबर, 2025

**शोध पत्र** – रीकॉन्फिगरेबल बाइडायरेक्शनल इंटरलीव्ड क्वासीरेसोनेंट फ्लाइंग कैपिसिटर DC/DC कन्वर्टर फॉर हाई एण्ड वाइड वोल्टेज रेंज एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – टी ली, एल पद्मावती, ए अभिषेक एवं एम किम

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्ट्रोऑपटिक्स ऑन फोटोनिक्स

**स्थान** – देहरादून

**दिनांक** – 18-20 नवंबर, 2025

(1) **शोध पत्र** – शीट इलेक्ट्रॉन बीम सोर्स ऑफ हाई-पावर THz BWO

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी उनादकट, एस जैन एवं एन कुमार

(2) **शोध पत्र** – माइक्रो फैब्रिकेशन मैथड्स फॉर THz वैक्यूम माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स सर्किट्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस जैन, पी उनादकट एण्ड एन कुमार

(3) **शोध पत्र** – रिसर्च ऑन हाई पावर एंड कॉम्पैक्ट सब टेराहर्ट्ज सोर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – नीरज कुमार

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 8th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज़ इन कंप्यूटर इंजीनियरिंग एडवांसेज़ इन कंप्यूटिंग हेल्थकेयर एण्ड स्मार्ट सिस्टम्स

**स्थान** – जयपुर

**दिनांक** – 21-22 नवंबर, 2025

**1. शोध पत्र** – PID - ड्रिवन फ्लो रेगूलेशन फॉर ऑल वनाडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी सिस्टम विद हाइब्रिड लोकल एण्ड IoT कंट्रोल

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – जी मधुकर, जी पुरोहित, धीरज एवं एके सैनी

**2. शोध पत्र** – इंप्रूविंग एक्सरे इमेजिंग बेस्ड ऑब्जेक्ट डिटेक्शन फॉर सिक्योरिटी एप्लीकेशंस यूजिंग अटेंशन बेस्ड नेटवर्क्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए सिंह एवं धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 10th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन प्रोडक्ट लाइफसाइकिल मॉडलिंग सिमुलेशन एण्ड सिंथेसिस

**स्थान** – बिट्स, पिलानी

**दिनांक** – 26-28 नवंबर, 2025

(1) **शोध पत्र** – मॉडलिंग एण्ड सिमुलेशन यूजिंग रोबोट ऑपरेटिंग सिस्टम (ROS) फॉर स्मार्ट पावर व्हीलचेयर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एम भारद्वाज, बी ए बोले, बी के वर्मा, के मील, पी गुर्जर, निशा एवं एच कुमार

(2) **शोध पत्र** – मॉडलिंग एण्ड सिमुलेशन यूजिंग रोबोट ऑपरेटिंग सिस्टम (ROS) फॉर सेल्फ बेलेंसिंग एसिस्टिव पावर व्हीलचेयर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एच कुमार, एम भारद्वाज, बी ए बोले एवं बी के वर्मा

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग ट्रेंड्स इन वैक्यूम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़ एण्ड एप्लीकेशंस

**स्थान** – बंगलूरु

**दिनांक** – 03-05 दिसंबर, 2025

(1) **शोध पत्र** – डिजाइन ऑफ हाई-पावर मोड सलेक्टिव वेव गाइड ड्राइरेक्शनल कॉपलर फॉर 28GHz, 25kW जायरोट्रॉन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चौधुरी, आई कर्माकर, एन कुमार, एन के सिंह, एच खातून एवं ए बेरा

(2) **शोध पत्र** – स्यूडोस्पार्क स्वीचेज़ फॉर हाई पावर प्लस्ड एप्लीकेशंस ट्रेंड्स एण्ड चैलेंजिस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए मिश्र, गोपिका हरि के, बी एल मीणा, यू एन पाल, आर वर्मा, एम एल मस्केरें एवं आर पी लांबा

(3) **शोध पत्र** – माइक्रोवेव असिस्टिड रिक्लेमेशन ऑफ फिनोलिक एल्कलाइन सेंड फॉर फाउन्ड्री एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चौधुरी, वी कोसनवाल, एच खातून, एन कुमार, एन के सिंह एवं ए बेरा

(4) **शोध पत्र** – ए सिमुलेशन स्टडी ऑफ फील्ड इनहांसमेंट मैकेनिज्म्स ऑफ ग्राफीन लाइक – स्ट्रक्चर फॉर एडवांस्ड इलेक्ट्रॉन इमिशन एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस मौर्य, वी एस रावत, ए के सिंह, एस के शुक्ला, टी पी सिंह एवं आर के बारिक

(5) **शोध पत्र** – मैग्नेटोस्टेटिक सिमुलेशन ऑफ इलेक्ट्रॉमैग्नेट फॉर हाइ पावर ट्यूनेबल पल्स्ड मैग्नेट्रॉन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस मौर्य, कनगराज एन एवं आर के वर्मा

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इनोवेशन इन साइंस एवं टेक्नोलॉजी

**स्थान** – इम्फाल, मणिपुर

**दिनांक** – 09-11 दिसंबर, 2025

**शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड सिम्युलेशन ऑफ मेम्स FBAR फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एच एल सिंह, पी अग्रवाल, पी कुमावत, के जे सिंह एवं एम प्रसाद

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई 4th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन स्मार्ट टेक्नोलॉजीज फॉर पावर, एनर्जी एण्ड कंट्रोल

**स्थान** – एनआईटी, गोवा

**दिनांक** – 10-13 दिसंबर, 2025

(1) **शोध पत्र** – एआई सेगमेंटेशन विद लुक अहेड हॉरिजन कंट्रोल फॉर पाथ फोलोविंग ऑफ लो फ्लायिंग ड्रोनस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – के किशोर, सी एम एंटोनी एवं एम जी जेम्स

(2) **शोध पत्र** – एव्यूलेशन ऑफ अ ±5Kv सोलिड स्टेट बेस्ड 200ns ड्यूरेशन पल्स जनरेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए रंजन, बी सैनी, ए के यादव एवं ए अभिषेक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग इलेक्ट्रॉनिक्स

**स्थान** – बंगलूरु

**दिनांक** – 13-16 दिसंबर, 2025

**शोध पत्र**– रियलाइजेशन प्रोसेस ऑफ लो-पावर मेम्स माइक्रो थर्मल फ्लो सेंसर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – जे सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – INDOCRYPT 2025

**स्थान** – आईआईआईटी, भुवनेश्वर

**दिनांक** – 14-17 दिसंबर, 2025

**शोध पत्र** – हाई-परफोर्मेंस FPGA इंप्लीमेंटेशन ऑफ ए रीकर्सिव मॉड्यूलर कारास्तूबा मल्टीप्लायर ओवर GF $(2^m)$

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर कुमारी, एस सौरव एवं ए कर्माकर

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई इंटरनेशनल सिम्पोसियम ऑन स्मार्ट इलेक्ट्रिक सिस्टम 2025

**स्थान** – जयपुर

**दिनांक** – 15-17 दिसंबर, 2025

**शोध पत्र** – फास्टट्रेक फंक्शनल वेरिफिकेशन फ्रेमवर्क फॉर नेक्स्ट जनरेशन आई पी कोर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए नायक, जे गांधी, एस सैनी, डी शेखावत एम संतोष एवं जे जी पाण्डेय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 18th आईईईई इंटरनेशनल सिम्पोज़ियम ऑन एम्बेडेड मल्टीकोर मैनीकोर सिस्टम ऑन चिप

**स्थान** – सिंगापुर

**दिनांक** – 15-18 दिसंबर, 2025

**शोध पत्र** – ब्रिजिंग क्रिप्टोग्राफिक रोबस्टनेस एण्ड हार्डवेयर एफिशियंसी ए कॉम्प्रिहेन्सिव एनालिसिस ऑफ S-बॉक्स डिजाइन मैथडोलॉजीज़ फॉर SoC इंटीग्रेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एम अय्यर एवं जे जी पाण्डेय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई माइक्रोवेव एंटीनाज़ एण्ड प्रोपेगेशन कॉन्फ्रेंस

**स्थान** – कोच्चि

**दिनांक** – 14-18 दिसंबर, 2025

(1) **शोध पत्र** – मिलीमीटर वेव रडार बेस्ड ह्यूमेन एक्टिविटी रिकॉग्निशन वाया रीइनफॉर्समेंट लर्निंग

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – यश सोनी एवं धीरज

(2) **शोध पत्र** – डायग्नोसिस ऑफ कोल्ड एटमॉस्फेरिक प्लाज्मा जेट सूटेबल फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर गर्ग, एम सिंह, ए पी सिंह, पी पाल, आर पी लांबा एवं यू एन पाल

(3.1) **शोध पत्र** – डायग्नोसिस ऑफ प्लाज्मा एक्सपोस्ड सीड्स यूजिंग एटमॉसफेरिक कोल्ड प्लाज्मा जेट

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी पाल, एच सहगल, एम सिंह, ए पी सिंह, आर गर्ग, एम सिंह, एम जोशी, एस मौर्य, आर पी लांबा एवं यू एन पाल

(3.2) **शोध पत्र** – कैरेक्टराइजेशन ऑफ माइक्रोवेव इनड्यूस्ड कोल्ड प्लाज्मा जेट एट रूम टेंपरेचर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी पाल, ए मिश्र, यू एन पाल, आर गर्ग, ए पी सिंह, आर पी लांबा, डी कांत एवं एस मौर्य

(4) **शोध पत्र** – मल्टीलेयर्ड प्लानर एंटीना इन LTCC टेक्नोलॉजी फॉर V-बैंड कम्युनिकेशन एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चक्रबर्ती, एस चक्रबर्ती, डी के खरबंदा, एन सूरी, डी पाल एवं ए के बंद्योपाध्याय

(5.1) **शोध पत्र** – कॉम्पैक्ट लो साइड lobe V-बैंड हॉर्न विथ नियर सिमिट्रिक रेडियेशन पैटर्न फॉर कॉम्पैक्ट एंटीना टेस्ट रेंज एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चक्रबर्ती, डी पाल एवं ए के बंद्योपाध्याय

(5.2) **शोध पत्र** – ए कॉन्फार्मल मेटासरफेस इंस्पायर्ड ड्यूअल बैंड प्लेनर एंटीना फॉर UAV एण्ड HAPS एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चक्रबर्ती, एम पी अबीगाँवकर एवं ए बासू

(6.1) **शोध पत्र** – RF कोएक्सियल कप्लर इंटीग्रेटिड विथ हैलिक्स SWS फॉर K-बैंड TWT

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए आर चौधुरी, वी सिंह, डी पाल, पी पारीक, एस चक्रबर्ती एवं सी मिस्त्री

(6.2) **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड एनालिसिस ऑफ W-बैंड फोल्डेड बेवगाइड स्लो वेव स्ट्रक्चर फॉर ट्रेवलिंग वेव ट्यूब

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए आर चौधुरी, एस भट्टाचार्जी, डी पाल, सी मिस्त्री, एस चक्रबर्ती एवं पी पारीक

(7.1) **शोध पत्र** – डिजाइन एनालिसिस ऑफ वेवगाइड असिस्टिड माइक्रोवेव इनड्यूस्ड प्लाज्मा

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए मिश्रा, पी पाल, एस चक्रबर्ती, आर पी लांबा, एस मौर्य एवं यू एन पाल

(7.2) **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ वेवगाइड बेस्ड माइक्रोवेव प्लाज्मा सोर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए मिश्रा, एपी सिंह, पी पाल, आर गर्ग, आर पी लांबा, डी कांत, यू एन पाल एवं एस मौर्य

(8.1) **शोध पत्र** – डिजाइन एनालिसिस ऑफ वेवगाइड असिस्टिड माइक्रोवेव इंड्यूस्ड प्लाज्मा

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए मिश्रा, पी पाल, एस चक्रबर्ती, आर पी लांबा, एव मौर्य एवं यू एन पाल

(8.2) **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ वेवगाइड बेस्ड माइक्रोवेव प्लाज्मा सोर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए मिश्रा, एपी सिंह, पी पाल, आर गर्ग, आर पी लांबा, डी कांत, यू एन पाल एवं एस मौर्य

(9.1) **शोध पत्र** – थर्मल डिजाइन ऑफ द कर्वड फिन रेडियएटर टू इम्प्रूव्ड हीट डिस्सीपेशन बाय रेडिएशन ऑफ हाई पावर TWT एप्लीकेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सी मिस्त्री एवं ए आर चौधुरी

(9.2) **शोध पत्र** – थर्मल डिजाइन ऑफ द कलक्टर फॉर फोल्डेड वेवगाइड TWT फॉर THz एप्लीकेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सी मिस्त्री एवं ए आर चौधुरी

(10) **शोध पत्र** – ए सिम्युलेशन स्टडी ऑन रिड्यूस्ड ग्रॉफीन ऑक्साइड कोल्ड कैथोड बेस्ड इलेक्ट्रॉन गन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस मन्ना, वी एस रावत, ए के सिंह, एस के शुक्ला, टी पी सिंह एवं आर के बारिक

(11) **शोध पत्र** – डेवलपमेंट एण्ड कैरेक्टराइजेशन ऑफ मैग्नेट्रॉन इनजेक्शन गन (MIG) फॉर 15Kw (CW)/28GHz मिलीमीटर वेव सोर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एच खातून, एन सिंह, एन कुमार, एस के राम, बी के वर्मा, एस चौधुरी एवं ए बेरा

(12) **शोध पत्र** – डिजाइन ऑफ हाई-थ्रूपुट MMIC पैरलल कम्बाइंड पावर एम्पलीफायर फॉर 5G एप्लीकेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आई कर्माकर, ए चौहान, के सिंह, एस मजूमदार, पी कुण्डु

(13) **शोध पत्र** – ऑन चिप इलेक्ट्रॉन गन डिजाइन यूजिंग सिलिकॉन टिप फील्ड एमीटर ऐरे

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर के बारिक, वी एस रावत, एस मन्ना, ए के बंद्योपाध्याय, एम हौसलाडेन, ए असघरजादे एवं आर श्राइनर

(14) **शोध पत्र** – इलैक्ट्रोमैग्नेटिक एण्ड पार्टिकल उन सेल सैम्युलेशन ऑफ 12Kw S-बैण्ड CW मैग्नेट्रॉन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस मौर्य, कनगराज एन एवं आर के वर्मा

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 23th इंटरनेशलन वर्कशॉप ऑन द फिजिक्स ऑफ सेमीकंडक्टर डिवाइसेज़

**स्थान** – आईआईटी, रूड़की

**दिनांक** – 15-18 दिसंबर, 2025

(1) **शोध पत्र** – डिजाइन ऑफ एन अनकूल्ड THz डिटेक्टर इंटीग्रेटिड विथ ए मेटा मेटीरियल एब्जार्बर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – जी कालरा, ए कुमार, के एस राघव, एस तिवारी, डी बंसल एवं ए के बंद्योपाध्याय

(2) **शोध पत्र** – डेवलपमेंट ऑफ ग्लास माइक्रोस्ट्रक्चर यूजिंग वेट एचिंग फॉर मेम्स अकॉस्टिक सेंसर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर के शर्मा, डी के पंवार, बी कुशवाहा, ए डाल्वी एवं एम प्रसाद

(3) **शोध पत्र** – ऑक्सीजन इनेबल्ड हीटिंग एण्ड हाइड्रोजन ड्रिवन कूलिंग इन ए Pb (पैलेडियन) कोटेड Pt (प्लैटिनम) 100 सेंसर टूवर्ड्स पार्टिकल, वाइड रेंज हाइड्रोजन मॉनीटरिंग

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस दुबे, ए कुमार, वी गोयल, मो. दानिश, टी ईश्वर एवं आर प्रजेश

(4) **शोध पत्र** – डेवलपमेंट ऑफ नॉनवोलेटाइल आयनिक कंडक्टर फॉर ऑर्गेनिक इलेक्ट्रोकेमिकल ट्रांजिस्टर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ई थोटी, ए सिंह, मो. फरमान, पी शर्मा एवं आर प्रजेश

(5) **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड सिमुलेशन पीज़ोइलेक्ट्रिक बेस्ड स्ट्रक्चर फॉर सेंसिंग एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी कुमावत, पी अग्रवाल एवं एम प्रसाद

(6) **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड सिमुलेशन ऑफ मेम्स बेस्ड डिवाइसेस फॉर लो फ्रिक्वेंसी एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी अग्रवाल, के मिश्र, पी कुमावत एवं एम प्रसाद

(7) **शोध पत्र** – रियलाइजेशन एण्ड कम्पेरेटिव परफॉर्मेंस ऑफ मेम्स U-ट्यूब फ्लूइड डेंसिटी सेंसर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर सोनी, के खांडल एवं जे सिंह

(8) **शोध पत्र** – इंवेस्टीगेशन ऑफ मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव एण्ड मेकेनिकल प्रोपर्टीज ऑफ FeGaCr थिन फिल्म

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – के खांडल, आर सोनी एवं जे सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स

**स्थान** – जयपुर

**दिनांक** – 15-17 दिसंबर, 2025

(1) **शोध पत्र** – रिलायबिलिटी स्टडी ऑफ पीज़ो इलेक्ट्रिक सेंसिंग स्ट्रक्चर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर के शर्मा, पी शर्मा, ए डाल्वी एवं एम प्रसाद

(2) **शोध पत्र** –स्टडी ऑफ पायरोइलेक्ट्रिक डिटेक्टर्स बेस्ड ऑन लिथियम टैन्टालेट एण्ड लिथियम नियोबेट यूजिंग फाइनाइट एलीमेंट मैथड सिमुलेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए जोशी एवं पंकज बी अग्रवाल

(3) **शोध पत्र** – ए RISC-V SoC विद एन इंटीग्रेटिड कॉरडिक कोप्रोसेसर फॉर इंप्रूव्ड ट्रिग्नोमेट्रिक एफिशियंसी

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – वी मलिक, वी बंसल, डी शेखावत, जे गांधी, जे जी पाण्डेय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 40th PSSI नेशनल सिम्पोज़ियम ऑन प्लाज्मा साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर

**स्थान** – तिरुपति

**दिनांक** – 27-29 दिसंबर, 2025

(1) **शोध पत्र** – कोल्ड प्लाज्मा जेट सोर्स : डिस्चार्ज एनालिसिस, कैरेक्टराइजेशन एण्ड सूटेबिलिटी फॉर बायोमेडिकल एप्लीकेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एम सिंह, आर गर्ग, ए पी सिंह, पी पाल, एम सिंह, एन के शर्मा, आर पी लांबा एवं यू एन पाल

(2) **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड सिम्युलेशन ऑफ ए कोल्ड कैथोड स्यूडोस्पार्क स्विच फॉर हाई रीपीटिशन रेट एप्लीकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – गोपिका हरि के, ए मिश्रा, बी एल मीणा, यू एन पाल, आर वर्मा एवं आर पी लांबा

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी प्री थीसिस ओपन कोलोक्युम**

**1. विषय :** डीप लर्निंग फ्रेमवर्कस फॉर विज्युअल परसेप्शंन बेस्ड ह्यूमन एक्टीविटी मॉनिटरिंग एण्ड एरगोनोमिक एनालिसिस इन इंडस्ट्रीयल एन्वायरमेंट्स

**प्रस्तुतकर्ता :** नवल किशोर मेहता, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र

**दिनांक :** 04 नवंबर, 2025

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

**1. कार्यक्रम का नाम** - सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)

| बैच | कॉलेज/संस्थान का नाम | प्रशिक्षित छात्रों की संख्या | अवधि |
|---|---|---|---|
| 17 | निरमा विश्वविद्यालय, गुजरात | 17 | 06.09.2025 से 17.09.2025 |
| 18 | गणपत विश्वविद्यालय, गुजरात | 15 | 27.10.2025 से 07.11.2025 |
| 19 | स्वामी केशवानंद प्रौद्योगिकी, प्रबंधन एवं ग्रामोत्थान संस्थान, जयपुर | 13 | 15.12.2025 से 26.12.2025 |

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर अप्रैल-जून, 2025 तथा जुलाई-सितंबर, 2025 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट क्रमशः 22 जुलाई, 2025 तथा 15 अक्टूबर, 2025 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अप्रैल-जून, 2025 तथा जुलाई-सितंबर, 2025 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक क्रमशः दिनांक 30 जुलाई, 2025 तथा 28 अक्टूबर, 2025 को आयोजित की गई।

✓ **प्रकाशन कार्य**

1. त्रैमासिक राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 14, अंक 55 (जुलाई, 2025)

✓ **प्रतियोगिताएं**

1. कंप्यूटर पर हिंदी टंकण तकनीकी संवर्ग (15 जुलाई, 2025)
2. आशुभाषण (03 सितंबर, 2025)
3. वाद-विवाद (04 सितंबर, 2025)
4. प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण (08 सितंबर, 2025)
5. तकनीकी प्रस्तुतीकरण (09 सितंबर, 2025)
6. कविता पाठ (स्वरचित एवं अन्य कवि) (11 सितंबर, 2025)

## प्रशासनिक समाचार

➢ **नियुक्तियाँ**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री जतिन यादव, तकनीकी सहायक | 01.07.2025 |
| 2. | श्री बलराम मीणा, कनिष्ठ आशुलिपिक | 23.07.2025 |
| 3. | सुश्री संतोष मीणा, कनिष्ठ आशुलिपिक | 29.12.2025 |

➢ **पदोन्नति एवं पदस्थापन**

| क्र. सं. | नाम | पदोन्नत पद | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. प्रणबेश माजी | वरिष्ठ वैज्ञानिक | 29.07.2025 |
| 2. | श्री रंजन कुमार मौर्य | प्रधान वैज्ञानिक | 17.02.2025 |
| 3. | डॉ. सेक मसिउल इस्लाम | प्रधान वैज्ञानिक | 07.03.2026 |
| 4. | डॉ. सोमेन्दु सिन्हा | प्रधान वैज्ञानिक | 14.03.2026 |
| 5. | श्री ऋषि रंजन | प्रधान वैज्ञानिक | 18.02.2025 |
| 6. | श्री सतीश बिंदल | प्रधान वैज्ञानिक | 18.05.2025 |
| 7. | डॉ. विजय चटर्जी | प्रधान वैज्ञानिक | 04.07.2025 |
| 8. | डॉ. निखिल सूरी | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 06.04.2024 |
| 9. | डॉ धीरज | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 30.09.2025 |
| 10. | डॉ. मर्सी लता | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 01.12.2024 |
| 11. | डॉ. विषांत | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 01.12.2024 |
| 12. | डॉ. ब्रिजेन्द्र कुमार वर्मा | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 23.09.2025 |
| 13. | डॉ ऋषि शर्मा | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 22.04.2026 |
| 14. | डॉ. सचिन देवास्सी | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 23.09.2024 |
| 15. | श्री अजीत कुमार धाकड़ | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 12.03.2026 |
| 16. | श्री साईं कृष्ण वड्डादि | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 25.05.2024 |
| 17. | डॉ. सी कुमारवेलू | मुख्य वैज्ञानिक | 15.12.2025 |
| 18. | डॉ. उदित नारायण पाल | मुख्य वैज्ञानिक | 19.01.2026 |
| 19. | डॉ. निधि चतुर्वेदी | मुख्य वैज्ञानिक | 23.09.2025 |
| 20. | श्री धीरेन्द्र कुमार | व. त. अधिकारी (2) | 30.04.2022 |
| 21. | श्रीमती सुनीता आर्य | व. त. अधिकारी (2) | 25.04.2022 |
| 22. | श्री पंकज कुमार | व. त. अधिकारी (2) | 14.05.2024 |
| 23. | श्री विवेक कुमार सैनी | व. त. अधिकारी (2) | 19.06.2024 |
| 24. | श्री सुप्रियो दास | व. त. अधिकारी (2) | 26.04.2024 |
| 25. | श्री अरविंद कुमार सिंह | व. त. अधिकारी (2) | 07.05.2024 |
| 26. | श्री प्रतीक कोठारी | व. त. अधिकारी (2) | 10.05.2024 |
| 27. | श्री आलोक मिश्र | व. त. अधिकारी (2) | 07.06.2024 |
| 28. | श्री ज्ञान सिंह मीणा | व. त. अधिकारी (2) | 27.03.2025 |
| 29. | श्री रोबिन चटर्जी | व. त. अधिकारी (2) | 10.05.2024 |
| 30. | श्री रोहित सिंह | व. त. अधिकारी (2) | 07.05.2024 |
| 31. | श्री जितेंद्र नाथ बाजपेई | व. त. अधिकारी (2) | 04.05.2024 |
| 32. | श्री राजेश कुमार मीणा | व. त. अधिकारी (2) | 08.05.2024 |
| 33. | डॉ. मनिंदर कौर | व. त. अधिकारी (3) | 23.11.2024 |
| 34. | श्री के आनंदानारायण | व. त. अधिकारी (3) | 09.12.2024 |
| 35. | श्री भानोथु याकूब | व. त. अधिकारी (1) | 14.05.2023 |
| 36. | सुश्री निष्ठा सिंह गुर्जर | व. त. अधिकारी (1) | 14.06.2023 |
| 37. | श्री रमा कांत शर्मा | व. त. अधिकारी (2) | 10.02.2024 |
| 38. | श्री पवन पारीक | व. त. अधिकारी (2) | 03.02.2024 |
| 39. | श्री विक्रम सिंह रावत | व. त. अधिकारी (2) | 11.02.2024 |
| 40. | श्री हरदेव सिंह | अधिशासी अभियंता | 25.06.2021 |
| 41. | श्री भरत लाल मीणा | प्रधान तक. अधिकारी | 24.12.2023 |
| 42. | श्री वेद प्रकाश सैनी | वरि. तकनीशियन (1) | 03.11.2024 |
| 43. | डॉ. अयन कुमार बंद्योपाध्याय | मुख्य वैज्ञानिक | 28.12.2025 |
| 44. | श्री शुभ्रदीप चक्रबर्ती | प्रधान वैज्ञानिक | 08.03.2025 |
| 45. | श्री एम संतोष | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 23.09.2025 |
| 46. | डॉ. अदिति | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 01.12.2026 |
| 47. | डॉ. सुशील कुमार शुक्ल | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 27.12.2025 |
| 48. | डॉ. मदन कुमार लक्ष्मणन | वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक | 31.12.2025 |

संदर्भ :
1. का.ज्ञा. सं. 4/3-4(40)/2025-स्था.1 दिनांक : 04.08.2025
2. का.ज्ञा. सं. 4/3-4(41)/2025-स्था.1 दिनांक : 04.08.2025
3. का.ज्ञा. सं. 4/3-4(42)/2025-E-1 दिनांक : 29.09.2025
4. का.ज्ञा. सं. 4/3-4(42)/2025-E-1 दिनांक : 29.09.2025
5. का.ज्ञा. सं. 4/3-4(43)/2025-E-1 दिनांक : 29.09.2025
6. का.ज्ञा. सं. 4/3-4(44)/2025-स्था.1 दिनांक : 28.11.2025
7. का.ज्ञा. सं. 4/3-4(45)/2025-स्था.1 दिनांक : 28.11.2025

**"विज्ञान और शिक्षा का प्रसार जनता की भाषा में होना चाहिए, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है।"**

**- स्वामी विवेकानंद**